दिन– शुक्रवार दिनांक– 15 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सरकारी अस्पतालों से मरीजों को रेफर करने की प्रक्रिया को समाप्त करने के निर्देश दिये।

02. पथ निर्माण मंत्री कुमार शैलेंद्र ने कहा – भागलपुर के विक्रमशिला सेतु से अगले पंद्रह दिनों में हल्के वाहनों का आवागमन शुरू हो जायेगा।

03. बिहार के युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी पहली बार भारतीय क्रिकेट की ए टीम में शामिल।

04. और, मौसम विभाग ने आज उत्तर और दक्षिण बिहार के कई जिलों में बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की।

**अब समाचार विस्तार से.........**

———————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि सरकारी अस्पतालों से मरीजों को रेफर करने की प्रक्रिया को समाप्त किया जाएगा। श्री चौधरी ने इसके लिए अधिकारियों को मानक संचालन प्रक्रिया– एसओपी तैयार करने के निर्देश दिये हैं। दरभंगा मेडिकल कॉलेज और एम्स की समीक्षात्मक बैठक के दौरान श्री चौधरी ने यह निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अत्यंत जरूरी होने पर ही मरीजों को बड़े अस्पताल में रेफर किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने दरभंगा एम्स और डीएमसीएच विस्तार का काम तेजी से पूरा करने के भी निर्देश दिये हैं। इस बीच, मुख्यमंत्री ने दरभंगा हवाई अड्डे की सुरक्षा, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को हस्तांतरित करते हुए कहा कि दरभंगा हवाई अड्डे का नामकरण कवि कोकिल विद्यापति के नाम पर किया जायेगा।

———————————————————————————

पथ निर्माण मंत्री कुमार शैलेंद्र ने कहा है कि विक्रमशिला सेतु से अगले पंद्रह दिनों में हल्के वाहनों का आवागमन शुरू हो जायेगा। मुंगेर में संवाददाताओं से बातचीत में श्री शैलेंद्र ने बताया कि इसके लिए बॉर्डर रोड ऑर्गनाईजेशन– बीआरओ की टीम देश के पहले बेली ब्रिज बनाने का काम करेगी।

——साउंड बाइट——

पथ निर्माण मंत्री ने कहा कि प्रदेश में पुलों की निगरानी के लिये एक स्पेशल टीम बनायी जायेगी। इसके लिए एक—एक वरीय अभियंता को प्रमंडलवार जिम्मेदारी सौंपी जायेगी।

——साउंड बाइट——

————————————————————————————

सूचना और प्रावैद्यिकी मंत्री नीतीश मिश्रा ने शासन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंश—एआई के उपयोग को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया है। पटना में विभागीय समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि एआई आधारित तकनीकों के प्रयोग से शासन व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने सभी परियोजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन, तकनीकी गुणवत्ता और डिजिटल गर्वनेंस को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया।

————————————————————————————

केंद्र सरकार ने अग्रिम प्राधिकार योजना के अंतर्गत सोने के आयात पर एक सौ किलोग्राम की सीमा तय कर दी है। एक रिपोर्ट...

——रिपोर्ट——

यह योजना आभूषण निर्यातकों को शून्य शुल्क पर कच्चे माल का आयात करने की अनुमति देती है। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने एक सार्वजनिक सूचना में कहा है कि इस योजना के तहत निर्यातक एक बार में अधिकतम एक सौ किलोग्राम सोना ही बिना किसी शुल्क के मंगा सकते है। महानिदेशालय ने पहली बार आवेदन करने वालो के लिए विनिर्माण संयंत्रों का भौतिक निरीक्षण अनिवार्य कर दिया है, ताकि उनकी परिचालन स्थिति और क्षमता का पता लगाया जा सके। इसमें यह भी कहा गया है कि दोबारा बिना शुल्क सोने के आयात के लिए कंपनी को अपने पिछले टारगेट का कम से कम पचास प्रतिशत निर्यात पूरा करना होगा। पारदर्शिता बनाए रखने के लिए क्षेत्रीय कार्यलय को हर महीने इसकी रिपोर्ट निदेशालय को सौंपनी होगी। इससे पहले, इस योजना के अंतर्गत सोने के आयात पर कोई सीमा नहीं थी।

————————————————————————————

विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने वैश्विक उर्जा संकट के मद्देनजर प्रदेशवासियों से पेट्रोल और डीजल की खपत कम करने की अपील की है। अपने संदेश में उन्होंने कहा है कि लोगों को ज्यादा से ज्यादा सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करना चाहिये। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आहवान पर प्रदेशवासियों से गैर जरूरी विदेश यात्राओं को एक वर्ष तक टालने का आग्रह किया है। साथ ही खाद्य तेल का उपभोग कम करने और प्राकृतिक खेती को अपनाने पर भी जोर दिया है।

———————————————————————————

आगामी राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट की तैयारियों की समीक्षा के लिए कल शाम शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के आवास पर एक उच्च स्तरीय बैठक हुई। इसमें नीट परीक्षा को सुचारू और प्रभावी ढंग से संचालित करने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उच्च शिक्षा सचिव, विद्यालय शिक्षा सचिव, राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी के महानिदेशक, सीबीएसई के अध्यक्ष और केंद्रीय विद्यालय संगठन तथा नवोदय विद्यालय समिति के आयुक्तों सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

———————————————————————————

प्रदेश के सभी विद्यालयों की निगरानी बिहार इजी स्कूल ट्रैकिंग प्लस एप के माध्यम से की जाएगी। शिक्षा विभाग ने पहली से बारहवीं तक के विद्यालयों के लिए यह व्यवस्था अनिवार्य कर दी है। अपर मुख्य सचिव डॉक्टर बी. राजेन्द्र ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश जारी किये हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि इक्कीस मई से प्रदेश के सभी विद्यालयों सतत और प्रभावी निरीक्षण बीईएसटी प्लस एप के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि किसी स्कूल में विद्यार्थियों की उपस्थिति साठ प्रतिशत से कम पायी जाती है तो शिक्षकों और प्रधानाध्यापकों को अभिभावकों से संपर्क कर उपस्थिति बढ़ाने की जिम्मेदारी दी गयी है।

———————————————————————————

प्रदेश के सभी सार्वजनिक वितरण प्रणाली–पीडीएस दुकानों को स्मार्ट पीडीएस सिस्टम से जोड़ने का काम शुरू हो गया है। इसके अंतर्गत राशन कार्ड से जुड़ी पुरानी डिजिटल प्रणालियों और आवेदन सेवाओं को और बेहतर किया जायेगा। विभाग के विशेष सचिव उपेन्द्र कुमार ने बताया कि खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के निर्देश पर राज्य में स्मार्ट पीडीएस व्यवस्था लागू की जा रही है। सचिव ने बताया कि नई व्यवस्था लागू करने की प्रक्रिया के तहत राज्य में स्मार्ट पीडीएस व्यवस्था से राशन कार्ड सेवाओं में एक बड़ा बदलाव होगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए पंद्रह से बीस दिनों तक नये राशन के आवेदन की प्रक्रिया बंद रहेगी।

———————————————————————————

वैश्विक ईंधन संकट के बीच तेल विपणन कंपनियों ने देशभर में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की है। पेट्रोल की कीमतों में प्रति लीटर तीन रुपये

चौदह पैसे, जबकि डीजल की कीमतों में तीन रुपये ग्यारह पैसे प्रति लीटर की वृद्धि हुयी है। नई दरें आज से लागू हो गयी है।

———————————————————————————

प्रदेश की सभी पंचायतों में उन्नीस मई से नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिये सहयोग शिविर का आयोजन किया जायेगा। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने इस संबंध में सभी प्रमंडलीय आयुक्त, जिलापदाधिकारी और वरीय पुलिय अधीक्षकों को निदेश जारी किये हैं। निर्देश के अनुसार प्रत्येक महीने के पहले और तीसरे मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया जायेगा। ये शिविर पंचायत सरकार भवन और उनके निकट किसी सार्वजनिक स्थल पर आयोजित किये जायेंगे। इन शिविरों के लिये आवेदन की प्रक्रिया तीस दिन पहले से शुरू होगी।

———————————————————————————

मौसम विभाग ने आज उत्तर और दक्षिण बिहार के कई जिलों में बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। इस दौरान शिवहर, मधुबनी, दरभंगा, समस्तीपुर, सुपौल, सहरसा, पूर्णिया और कटिहार सहित उन्नीस जिलों में बारिश और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया गया है। विभाग के अनुसार इस अवधि में पचास से साठ किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलने की आशंका है।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हुयी है। बांका के शंभूगंज में सबसे अधिक चौवन दशमलव दो मिलीमीटर, पूर्वी चंपारण के संग्रामपुर और मुंगेर में बयालीस दशमलव दो तथा जमुई के सोनो चालीस दशमलव चार मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। वहीं, दूसरी ओर राज्य के दक्षिण–पश्चिम के कुछ जिलों में अधिकतम तापमान में वृद्धि दर्ज की गयी है। भभुआ इकतालीस दशमलव एक डिग्री सेल्सियस के साथ प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। पटना का अधिकतम तापमान तैंतीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

———————————————————————————

राज्य सरकार ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में सभी जिलों के सिविल सर्जनों को नाव पर अस्पताल चलाने के निर्देश दिये हैं। इन नाव अस्पतालों में चिकित्सा पदाधिकारी, एएनएम और पारा मेडिकल कर्मी तैनात रहेंगे। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह चलंत अस्पताल बाढ़ और जलजमाव से घिरे क्षेत्रों में घूम–घूम कर मरीजों

का उपचार करेंगे। सरकार ने सभी जिला पदाधिकारियों को नाव और नाविक उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी दी है। इस संबंध में विभाग ने सभी जिलों से दवाओं की उपलब्धता का ब्योरा मांगा है।

———————————————————————

प्रदेश में सडक दुर्घटना, आपराधिक घटनाओं और यातायात नियमों की निगरानी के लिये पटना सहित सोलह जिलों में सात सौ पचास से अधिक नाइट कैमरे लगाये जायेंगे। परिवहन विभाग के अनुसार पटना के अलावा गया, भागलपुर, जहानाबाद, बेगुसराय, किशनगंज, पूर्णिया, बांका, जमुई अन्य जिलों के राष्ट्रीय राजमार्ग, मुख्य सडकों, और गली मुहल्लों में कैमरे लगाये जायेंगे।

———————————————————————

रेलवे भर्ती बोर्ड की ओर से आज से असिस्टेंट लोको पायलट के ग्यारह हजार पदों पर भर्ती के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। अभ्यर्थी चौदह जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इधर, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इंटरमीडिएट में नामांकन की तिथि अठारह मई तक बढ़ा दी है। इससे पहले, नामांकन की अंतिम तिथि बारह मई निर्धारित थी। वहीं, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई की बारहवीं की कंपार्टमेंट और सप्लीमेंट्री परीक्षा के लिए आवेदन दो जून से शुरू होगा। यह परीक्षा पंद्रह जुलाई को होगी।

———————————————————————

पूर्व मध्य रेलवे ने राजगीर में लगने वाले मलमास मेले को लेकर यात्रियों की सुविधा के लिए राजगीर और हावड़ा के बीच एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन बिहार शरीफ, अस्थावां, बरबीघा, शेखपुरा, किउल और भागलपुर के रास्ते चलेगी। हावड़ा–राजगीर स्पेशल ट्रेन कल से सत्रह जून तक तथा राजगीर–हावड़ा स्पेशल ट्रेन सत्रह मई से अठारह जून तक प्रतिदिन संचालित होगी। इधर, रेलवे ने पटना–हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव जमुई स्टेशन पर देने का फैसला किया है। यह व्यवस्था आज से शुरू हो गयी है।

———————————————————————

बिहार के युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी को पहली बार भारतीय क्रिकेट की ए टीम में शामिल किया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड–बीसीसीआई ने वैभव को आगामी

श्रीलंका और अफगानिस्तान के साथ होने वाली एक दिवसीय त्रिकोणीय सीरीज के लिए भारतीय–ए टीम में जगह दी है। गौरतलब है कि आईपीएल क्रिकेट समेत अन्य प्रतियोगिताओं में वैभव ने शानदार प्रदर्शन किया है।

———————————————————————

इधर, आईपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता में आज लखनऊ सुपर जायंट्स का मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स से होगा। यह मैच लखनऊ में शाम साढ़े सात बजे से शुरू होगा। वहीं, कल धर्मशाला में खेले गए मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने पंजाब किंग्स को छह विकेट से हरा दिया।

———————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – बिहार की हवाई संपर्कता पांच वर्ष में दस गुना बढ़ेगी। अखबार लिखता है – मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दरभंगा हवाई अड्डे की सुरक्षा सीआईएसएफ को सौंपी।

**दैनिक जागरण** लिखता है – पेट्रोल में तीन रुपये चौदह पैसे और डीजल में प्रतिलीटर तीन रुपये ग्यारह पैसे की हुयी वृद्धि।

**दैनिक भास्कर** आर्टिफिशिलय इंटेलिजेंस से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए लिखा है – बिहार में खेती से लेकर फैक्ट्री तक, हर क्षेत्र में एआई का जोर दिखेगा।

**प्रभात खबर** ने बिहार कोचिंग संस्थान विधेयक की खबर को अपनी लीड बनाते हुए लिखा है – बिना रजिस्ट्रेशन कोचिंग चलाने पर एक लाख रुपये का जुर्माना।

**आज अखबार** का शीर्षक है – बिहार विधान परिषद उपचुनाव में राजद उम्मीदवार जीता।

**राष्ट्रीय सागर** लिखता है – वी.डी. सतीशन केरल के होंगे नये मुख्यमंत्री, अठारह को लेंगे शपथ।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सरकारी अस्पतालों से मरीजों को रेफर करने की प्रक्रिया को समाप्त करने के निर्देश दिये।

02. पथ निर्माण मंत्री कुमार शैलेंद्र ने कहा – भागलपुर के विक्रमशिला सेतु से अगले पंद्रह दिनों में हल्के वाहनों का आवागमन शुरू हो जायेगा।

03. बिहार के युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी पहली बार भारतीय क्रिकेट की ए टीम में शामिल।

04. और, मौसम विभाग ने आज उत्तर और दक्षिण बिहार के कई जिलों में बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।